Surplus workers in public sector steel plants

1702. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

SHRI N.E. BALARAM:

SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether in the opinion of the Steel Authority of India a large number of workers in steel industry belonging to the public sector is surplus;

(b) what is the estimated number of such surplus workers; and

(c) what action, if any, Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI K. C. PANT): (a) and (b) Yes, Sir. The Steel Authority of India Limited (SAIL) does consider that there is surplus manpower in the public sector steel plants. The exact number of the surplus manpower has not yet been determined.

(c) SAIL has already taken steps to check further growth of manpower particularly in the non-works and administrative sections. Efforts are also being made to improve the utilisation of the existing manpower through improved work practices, increase in production and retraining and redeployment.

जहाज तोड़ने संबंधी उद्योग का विकास

1703. **श्री मोर्जा ईर्शादबेग :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने आयातित जहाजों को तोड़ा गया और इन्हें किस-किस यार्ड में तथा किस-किस तारीख को तोड़ा गया और सरकार को इस कार्य में यार्ड-वार कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा जहाजों को तोड़ने पर कितना कितना लोहा, तांबा और पीतल प्राप्त हुआ ;

(ख) सरकार द्वारा इस उद्योग के विकास के लिए कितनी धनराशि खर्च की गई है ;

(ग) गुजरात में यह उद्योग कब से बन्द पड़ा है और इसके क्या कारण है: और

(घ) क्या सरकार को इस संबंध में शिप ब्रेकिंग एसोसिएशन से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर कब तक निर्णय ले लिये जाने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) वर्ष 1984-85 में जहाज तोड़ने के निम्नलिखित यार्डों को स्क्रेप बनाने हेतु 2,50,000 एल०डी०टी० के कुल भार के 54 विदेशी ध्वज पोत दिए गए थे :

अलंग	:	40
सचना	:	9
बम्बई	:	1
बेपुर	:	2
विशाखापत्तनम	:	1
कारवार	:	1
		54

किन-किन तारीखों को ये जहाज तोड़े गये थे और इन जहाजों से लोहे, तांबे और पीतल की प्राप्त मात्रा से संबंधित जानकारी मेटल स्क्रेप ट्रेड कारपोरेशन, जो विदेशी ध्वजपोतों के आयात के लिए माध्यम अभिकरण है, द्वारा जानकारी नहीं रखी जाती है। लेकिन जहाज तोड़ने से अनुमानित औसतन प्राप्ति इस प्रकार है :—

इस्पात का पुनर्वेलन योग्य स्क्रेप: 65–70 प्रतिशत

इस्पात का गलनशील स्क्रेप : 7–8 प्रति शत